राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR**

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–पं0नि0 30–42/2024 4178

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
पश्चिम चम्पारण।

पटना, दिनांक–26 **नवम्बर, 2024**

**विषयः– प्रखण्ड योगापट्टी ग्राम पंचायत भवानीपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**
**प्रसंगः– आपका पत्रांक 411/पं0 दिनांक 23.11.2024 एवं आयोग का पत्रांक 4110 दिनांक 21.11.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा प्रखंड योगापट्टी अन्तर्गत पैक्स का निर्वाचन 29.11.2024 को एवं मतगणना दिनांक– 30.11.2024 को निर्धारित रहने एवं इस निर्वाचन में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्वाची पदाधिकारी के रूप में नामित रहने के कारण दिनांक 30.11.2024 को निर्धारित **प्रखण्ड योगापट्टी ग्राम पंचायत भवानीपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन कराने में असमर्थता वक्त करते हुए दुसरी तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है।**

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग का निदेश है कि **प्रखण्ड योगापट्टी ग्राम पंचायत भवानीपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन** हेतु निर्धारित तिथि दिनांक– 30.11.2024 के स्थान पर **दिनांक– 06.12.2024** को सम्पन्न कर ली जाए। निर्वाचन की तिथि के संबंध में सभी सदस्यों को विधिवत् रूप से सूचना दे दी जाये। शेष यथावत् रहेंगे।

अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाय एवं उपर्युक्त निदेश से सभी संबंधित को विधिवत रूप से अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
26/11/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–42/2024– 4178 पटना, दिनांक – 26.11.24

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक (चुनाव प्रशाखा) पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार/अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना/आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/ पुलिस अधीक्षक, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/11/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

26.11.24

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com